भारत सरकार
उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 620
उत्तर देने की तारीख 20 नवंबर, 2019 (बुधवार)
29 कार्तिक, 1941 (शक)

प्रश्न

उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में परियोजनाएं

620. श्रीमती लॉकेट चटर्जी:

क्या उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत तीन वर्षों में उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों में शुरू और पूरा की गई परियोजनाओं की कुल संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त क्षेत्र में शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधी चालू परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(ग) उक्त क्षेत्र में सम्पर्क में वृद्धि करने की योजना का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(डॉ. जितेन्द्र सिंह)

(क) वर्ष 2016-17 से 2018-19 के दौरान उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय की विभिन्न स्कीमों के तहत स्वीकृत और पूर्ण परियोजनाओं की कुल संख्या का विवरण निम्नानुसार है:-

(करोड़ रूपये में)

क्र. सं.	**स्कीम**	**स्वीकृत परियोजना**		**पूर्ण परियोजना**	
		सं.	**लागत**	**सं.**	**लागत**
I	एनएलसीपीआर-राज्य	76	1893.97	103	1332.04
ii	एनईएसआईडीएस	37	1119.89	0	0
iii	असम के विशेष पैकेज (बीटीसी, केएएटीसी एवं डीएचएटीसी)	25	173.52	4	67.34
iv	एनईसी की स्कीमें	265	2475.96	355	3664.63
v	एनईआरएसडीएस	03	213.97	02	62.96
कुल		406	5877.31	464	5126.97

(ख) मंत्रालय की विभिन्न स्कीमों के तहत शिक्षा क्षेत्र के अंतर्गत 879.02 करोड़ रूपये लागत की 122 परियोजनाएं और स्वास्थ्य क्षेत्र के अंतर्गत 612.12 करोड़ रूपये लागत की 35 परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं और चालू हैं ।

(ग) क्षेत्र में वायु, रेल, अंतरदेशीय जलमार्ग, सड़क और डिजिटल संपर्कता में सुधार के लिए अनेक पहलों की योजना बनाई गई हैं । इनमें अन्य बातों के साथ-साथ होलोंगी, अरूणाचल प्रदेश में नया हवाई अड्डा, गुवाहाटी, इंफाल, डिब्रूगढ़ आदि के हवाई अड्डों का उन्नयन; अगरतला-अखोरा नई रेल लिंक परियोजना, गंगटोक (रांगपो), इंफाल, कोहिमा (जुब्जा) और आइजोल (सैरांग) के साथ राजधानी रेल संपर्कता; बराक जलमार्ग का विकास; ब्रह्मपुत्र पर जोगीघोपा, धुबरी-फुलवाड़ी में नये पुल; पूर्वोत्तर क्षेत्र में ग्राम पंचायतों के लिए वाई-फाई संपर्कता और सभी राज्यों में मोबाईल संपर्कता शामिल है ।

****